तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत स्कूलों में करवाईं प्रतियोगिताएं

घर-घर जाकर बताए तंबाकू सेवन के दुष्प्रभाव

वरिष्ठ संवाददाता ▮ धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग की ओर से उन्नत भारत अभियान, इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, जिला क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, कांगड़ा के साथ जुड़कर एक सप्ताह का तंबाकू मुक्त युवा अभियान चलाया गया। उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत गोद लिए गए पांचों गांवों में समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों द्वारा यह अभियान चलाया गया।

इस अभियान के अंतर्गत तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों पर युवाओं और स्कूली बच्चों से विस्तृत चर्चा की जा रही है। सभी से विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में 31 मई को प्रतिज्ञा भी दिलाई गई। गांववासियों को इस वर्ष के ध्येय वाक्य 'सी ग्रो फूड नट टोबैको के बारे में भी अवगत करवाया गया। इसी के तहत राजकीय उच्च विद्यालय, शिवनाथ, देहरा में तंबाकू मुक्त युवा अभियान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में टीबी मुक्त भारत अभियान और तंबाकू मुक्त युवा, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, प्रतिज्ञा समारोह और पुरस्कार वितरण शामिल हैं। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. शशि पूनम के मार्गदर्शन में किया गया एवं कार्यक्रम में वक्ता डॉ. श्वेता शर्मा रहीं। संसार चंद और विवेक दत्ता शोधकर्ता और समाज कार्य विभाग के छात्रों ने भाग लिया। इसी प्रकार बोंगटा, धवाला एवं घेर पंचायत में भी इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में गांव वासियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इन कार्यक्रमों के आयोजन में विभाग के सभी शिक्षक, शोधार्थी निवेश शर्मा, दिनेश ठाकुर, रविंद्रा, बबीता शर्मा, युक्ता तोमर और सुरेश के अतिरिक्त इन गांव में अपना क्षेत्र कार्य कर रहे सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

▮ सीयू के समाज कार्य विभाग के संकाय सदस्य-शोधार्थी कर रहे जागरूक

हरिपुर से शुरू की जाए लोकल बस सेवा

देहरा। स्थानीय लोगों ने हरिपुर से एक लोकल बस सुविधा शुरू करने की मांग उठाई है जोकि पूरे दिन में लोकल रूट पर चलती रहे। गौरतलब है कि हरिपुर से महेवा वाया बासा होती हुई बस सुबह हरिपुर से चलकर वापस आपने हरिपुर रूट पर आए। इसके उपरांत वही बस हरिपुर से गदूतर वाया जलरियां होती हुई गुलेर से हरिपुर वापस आए। इसके पश्चात यही बस हरिपुर से भटोली होती हुई गुप्त कालोनी वाया बाबा बाजी साहिब होती हुई हरिपुर बस अड्डे पर पहुंचे। यह बस दिन में हर रूट को 2 बार कवर करे, जिससे ज्यादा से ज्यादा इलाके हरिपुर से जुड़ पाएं।